**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक 19.05.2024** **समय 18.30**

- **लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण के तहत कल छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर होगा मतदान।**
- **प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी–मॉनसून के 31 मई तक केरल पहुंचने का पूर्वानुमान।**
- **पीपल पूर्णिमा पर 23 मई को अबूझ सावे के चलते संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए प्रशासन मुस्तैद।**
- **मोहिनी एकादशी पर आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित।**

000

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत कल छह राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान होगा। इनमें उत्तर प्रदेश की 14, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की 7, बिहार और ओडिशा की 5–5, झारखंड की 3 तथा जम्मू–कश्मीर और लद्दाख की एक–एक सीट शामिल हैं। इस चरण में कई मंत्रियों और सांसदों सहित छह सौ पिच्यानवे उम्मीदवार मैदान में हैं। इनमें केन्द्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह, स्मृति ईरानी, पीयूष गोयल, कांग्रेस के राहुल गांधी और के.एल. शर्मा, नेशनल कॉन्फ्रेंस के उमर अब्दुल्ला तथा लोक जनशक्ति पार्टी–रामविलास गुट के चिराग पासवान शामिल हैं।

000

प्रदेश में भीषण गर्मी और लू का दौर जारी है। इससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है और लोगों की दिनचर्या में बदलाव देखा जा रहा है। पिछले 24 घंटों में राज्य के अधिकांश भागों में अधिकतम तापमान 42 से 47 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया। सबसे ज्यादा 46 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान बाड़मेर में रहा। हमारे संवाददाता ने बताया कि ज़िले में प्रचंड गर्मी का जनजीवन पर व्यापक असर पड़ रहा है।

............

अजमेर, जयपुर, कोटा, बीकानेर और जोधपुर संभाग में अधिकांश स्थानों पर हीटवेव का असर बना हुआ हैं। जैसलमेर में झुलसाने वाली गर्मी से लोग बेहाल हैं। तेज गर्मी के कारण सैलानियों की आवक में भी कमी आई है। चूरू जिले में आज दिनभर लू के हालात बने रहे। हालांकि जिले के सुजानगढ में धूलभरी आंधी के साथ कुछ स्थानों पर बूंदाबांदी हुई। बूंदी में तेज गर्मी के कारण दिन के समय बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। शहर में विभिन्न स्थानों पर दिन के समय टैंकरों से पानी का छिड़काव किया गया। कोटपूतली–बहरोड़ जिले में भी तेज गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। वन विभाग की ओर से जिले के वन क्षेत्र में वन्य जीवों के लिए टैंकरों के माध्यम से पानी की व्यवस्था की जा रही है। अलवर में तेज गर्मी से आमजन को राहत देने के लिए नगर निकाय की ओर से सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है। इस बीच राजधानी जयपुर में शाम को धूलभरी हवा के साथ बूंदाबांदी हुई। इससे लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली।

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार अगले दो–तीन दिन तक अधिकतम तापमान में खास बदलाव नहीं होने के आसार हैं। लू का दौर करीब एक सप्ताह तक बने रहने की संभावना हैं। वहीं दक्षिण–पश्चिमी मॉनसून ने देश के सबसे दक्षिणी छोर निकोबार द्वीपसमूह पर दस्तक दे दी है। मौसम विभाग के अनुसार, मानसून के 31 मई तक केरल पहुंचने की संभावना है।

000

राज्य सरकार ने तेज गर्मी और लू की स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी जिला कलेक्टरों को समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। चिकित्सा विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करने और लू तथा तापघात से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की गहन मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए। श्रीमती सिंह ने कहा कि तेज गर्मी को देखते हुए गर्मी जनित बीमारियों से बचाव के लिए केन्द्र सरकार ने भी अलर्ट जारी किया है।

000

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज पाली दौरे पर रहे। उन्होंने जिले के तखतगढ में एक निजी विद्यालय भवन का उद्घाटन किया और परिसर का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने दान दाताओं का सम्मान भी किया। श्री शर्मा ने अपने संबोधन में केन्द्र और राज्य सरकार की उपलब्धियों को गिनाया। उन्होंने विद्या भारती की ओर से शिक्षा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यो की सराहना की।

000

जम्मू–कश्मीर के अनंतनाग में कल हुए आतंकवादी हमले में घायल हुए जयपुर के एक दम्पत्ती का उपचार जारी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आतंकी हमले में घायल दम्पत्ती को हर संभव मदद के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने घायल दंपती के परिजनों से फोन पर बातचीत कर मदद देने का आश्वासन दिया। गौर तलब है कि ये दम्पत्ती कश्मीर घूमने गए थे, इस दौरान ये घटना हुई।

000

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, देश में अनुसूचित जाति श्रेणी के अध्ययनरत विद्यार्थियों की संख्या 2014–15 के मुकाबले 44 प्रतिशत बढ़ गई है। वर्ष 2014–15 में यह संख्या 46 लाख थी, जो 2021–22 में 66 लाख हो गई। अल्पसंख्यक महिला विद्यार्थियों की संख्या भी 2014–15 के मुकाबले 42 प्रतिशत बढी है। अनुसूचित जाति की महिला विद्यार्थियों की संख्या में 51 प्रतिशत और अनुसूचित जनजाति के दाखिले में 65 फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2020–21 में अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को कार्यान्वित किया गया जिससे 34 हजार से अधिक बच्चों को दाखिला मिला। राष्ट्रीय महत्वं के संस्थानों में, अन्य पिछड़ा वर्ग के दाखिले में 71 प्रतिशत की बढोतरी हुई है और इनमें महिलाओं की संख्या बढकर दोगुनी हो गई है।

000

पीपल पूर्णिमा के अवसर पर 23 मई को अबूझ सावे के चलते संभावित बाल विवाहों की रोकथाम के लिए राज्य के विभिन्न ज़िलों में प्रशासन मुस्तैद नजर आ रहा है। सवाईमाधोपुर ज़िले में ज़िला मुख्यालय और उपखण्ड मुख्यालय पर बाल विवाह रोकने के संबंध में कंट्रोल रूम बनाये गये है। मलारणा डूंगर उपखण्ड अधिकारी बद्रीनारायण विश्नोई ने बाल विवाह को सामाजिक बुराई बताते हुए इसे रोकने में आमजन से सहयोग की अपील की है।

000

मोहिनी एकादशी पर आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। जयपुर में मंदिरों में ठाकुर जी का विशेष श्रंगार किया गया। श्री गोविंद देवजी मंदिर में इस अवसर पर सुबह बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने दर्शन किये। सरस निकुंज में ठाकुर राधा सरस बिहारी जी का विशेष श्रंगार कर अभिषेक किया गया। मोहिनी एकादशी पर विभिन्न सामाजिक संगठनों की ओर से कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। अजमेर में हुए एक कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने मटके, परिण्डे और फलों का वितरण किया। पाली में भैंरू घाट स्थित गोपीनाथ मंदिर में खाटूश्याम जी का आकर्षक श्रृंगार किया गया। सवाईमाधोपुर ज़िले में विभिन्न संगठनों की ओर से पशु–पक्षियों के लिए दाना–पानी और चारे की व्यवस्था की गयी।

000

जैसलमेर में आज गड़ीसर सरोवर में डूबने से दो बच्चों की मृत्यु हो गई। हमारे संवाददाता ने बताया कि तीन बच्चे सरोवर में नहाने के लिए उतरे थे। पानी गहरा होने के कारण इनमें से दो बच्चे सरोवर में डूब गए।

000

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने सीकर जिले के लक्ष्मणगढ क्षेत्र में एक ट्रक से 21 क्विंटल 78 किलो से अधिक अफीम डोडा पोस्त की खेप को पकड़ने में सफलता हासिल की है। बरामद मादक पदार्थ की कीमत करीब साढे तीन करोड़ रुपये बतायी जा रही है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक दिनेश एम.एन. ने बताया कि ट्रक में अवैध मादक पदार्थ चावल के कट्टों के नीचे छिपाकर रखे गये थे। तस्करी के आरोपी ड्राइवर से पूछताछ की जा रही है।

000